खास खबरें

पंत के घुटने की लिगामेंट का हुआ सफलतापूर्वक ऑपरेशन

मुंबई (एजेंसी)। शुक्रवार को मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज़ ग षभ पंत के घुटने की सर्जरी हुई। बीसीसीआई के सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है। रिपोर्ट में बीसीसीआई के सूत्र के अनुसार, ग षभ पंत के घुटने की लिगामेंट की सर्जरी सफलतापूर्वक की गई। अभी उन्हें मेडिकल निगरानी में रखा गया है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम और डॉ. दिनशॉ पार्दीवाला के सलाह पर अब आगे के क़दम उठाए जाएंगे। बुधवार को पंत को एयरलिफ़्ट करके देहरादून से मुंबई लाया गया था। इसके बाद डॉक्टरों की टीम द्वारा उनकी चोट का परीक्षण किया गया और फिर सर्जरी हुई। डॉ. पार्दीवाला वह कोकिलाबेन अस्पताल, मुंबई के सेंटर फ़ॉर स्पोर्ट्स मेडिसिन के निदेशक हैं और उन्होंने सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जाडेजा और कई ओलिंपिक्स खिलाड़ियों का सफल इलाज किया है। पंत के इलाज का ख़र्चा अभी उनकी मेडिकल बीमा कंपनी के द्वारा हो रहा है, वहीं एयर एंबुलेंस का ख़र्चा बोर्ड ने दिया है। बीसीसीआई ने पंत का तात्कालिक उपचार करने वाले उत्तराखंड के दो निजी अस्पतालों को धन्यवाद भी दिया।

कर्लोस अल्कारेज चोट के कारण ऑस्ट्रेलियन ओपन से हटे

मेलबर्न (एजेंसी)। टेनिस रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज पुरुष खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज दाहिने पैर में चोट के कारण शुक्रवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन से बाहर हो गए। स्पेन के 19 साल के खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अभ्यास के दौरान वह चोटिल हो गये। साल का पहला ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट 16 जनवरी से मेलबर्न पार्क में शुरू होगा। इसका ड्रॉ गुरुवार को है।अल्करेज पिछले सितंबर में यूएस ओपन में खिताब जीतने के बाद रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचे थे। कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग के शुरू होने के बाद वह पुरुष वर्ग में सबसे कम उम्र में शीर्ष रैंकिंग के साथ सत्र खत्म करने वाले खिलाड़ी बने थे। पिछले साल उनके जीत-हार का रिकॉर्ड 57-13 रहा। इस दौरान उन्होंने सिंगल्स वर्ग के पांच खिताब जीते।अल्कारेज ने ट्विटर पर लिखा, मैंने ऑस्ट्रेलिया ओपन के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ स्तर हासिल करने के लिए काफी मेहनत की थी, लेकिन दुर्भाग्य से मैं नहीं खेल पाऊंगा। स्पेन के इस खिलाड़ी ने कहा कि यह कठिन है, लेकिन मुझे उम्मीद बनाये रखनी होगी, इससे उबरना होगा और आगे देखना होगा । अल्कारेज के बाहर होने के बाद उनके हमवतन 22 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले दिग्गज खिलाड़ी राफेल नडाल टूर्नामेंट में शीर्ष वरीयता हासिल करेंगे। दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने भी ऑस्ट्रेलियन ओपन से नाम वापस ले लिया है। वीनस को ऑकलैंड में एक टूर्नामेंट के दौरान एएसबी क्लासिक में चोट लगी थी।

सूर्या की चमक से भारत ने मैच और सीरीज जीती

राजकोट (एजेंसी)।

प्लेयर ऑफ द मैच सूर्यकुमार यादव के 51 गेंद में नाबाद 112 रन की मदद से भारत ने शनिवार को तीसरे और आखिरी टी-20 मैच में श्रीलंका को 91 रन से हराकर 2-1 से जीत ली। अक्षर पटेल बने प्लेयर ऑफ द सीरीज।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 228 रन बनाये। जवाब में श्रीलंका की टीम 16.4 ओवर में 137 रन पर आउट हो गई। श्रीलंका के लिये लक्ष्य का पीछा करते हुए कोई भी बल्लेबाज 30 रन का आंकड़ा नहीं छू सका। कप्तान दसुन शनाका और कुसल मेंडिस ने सर्वाधिक 23 रन बनाये। कुसल मेंडिस ने तेज शुरुआत दी। 5वें ओवर में टीम का स्कोर 40 रनों के पार हो गया था। लेकिन 15 गेंदों पर 23 रन बनाने के बाद मेंडिस अक्षर पटेल का शिकार बन गए। भानुका राजपक्षे की जगह टीम में आए अविष्का फर्नांडो सिर्फ 1 रन ही बना सके। भारत के लिये अर्शदीप सिंह ने तीन विकेट लिये। हार्दिक पांड्या, उमरान मलिक और युज़वेंद्र चहल ने दो-दो विकेट लिये, जबकि अक्षर पटेल ने एक विकेट लिया। इससे पहले 360 डिग्री बल्लेबाज सूर्यकुमार ने श्रीलंकाई गेंदबाजों की जमकर धुनाई करते हुए ताबड़तोड़ बल्लेबाजी का एक और शानदार

नजारा पेश किया। उन्होंने मैदान के चारों ओर शॉट्स खेलकर टी20 क्रिकेट में तीसरा शतक जड़ा। अपना अर्धशतक 26 गेंद में पूरा करने के बाद सूर्यकुमार ने तिहरे अंक तक पहुंचने में 19 गेंद ही और ली।

उन्होंने आखिरी ओवर में चमिका करूणारत्ने को एक चौका और एक छक्का लगाया। पिछले दो मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके शुभमन गिल (46) ने नौ गेंदें बेकार की लेकिन उसके बाद दिलशान मदुशंका को तीसरे ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाया। राहुल त्रिपाठी ने 16 गेंद में 35 रन बनाये। इससे पहले ईशान किशन पहले ही ओवर में एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। स्पिन गेंदबाजों के आते ही त्रिपाठी ने महेश तीक्षणा को निशाना बनाया और पांचवें ओवर में तीन चौके लगाये। त्रिपाठी ने करूणारत्ने को दो छक्के लगाये। भारत ने पावरप्ले में दो विकेट खोकर 53 रन जोड़े। गिल ने धीमी गति से रन बनाये लेकिन सूर्यकुमार ने आक्रामक पारी खेली। टी-20 में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज ने चौके के साथ अर्धशतक पूरा किया। दूसरे छोर से गिल ने वानिंदु हसरंगा को छक्का लगाया लेकिन दूसरा चौका लगाने के प्रयास में विकेट गंवा बैठे। इसके साथ ही 111 रन की साझेदारी भी टूट गई। कप्तान हार्दिक पंड्या (चार) और दीपक हुड्डा (चार) सस्ते में आउट हो गए। दूसरे छोर से सूर्यकुमार की आक्रामक बल्लेबाजी जारी रही जिन्होंने अपनी पारी में नौ छक्के और सात चौके लगाये। आखिर में अक्षर पटेल ने सिर्फ नौ गेंद में चार चौकों की मदद से नाबाद 21 रन बनाये।

स्कोर बोर्ड

भारत: ईशान कै. धनंजय बो. मदुशंका 1, गिल बो. हसरंगा 46, त्रिपाठी कै. मदुशंका बो. करुणारत्ने 35, सूर्यकुमार (नाबाद) 112, हार्दिक कै. धनंजय बो.राजिता 4, हूडा कै. हसरंगा बो. मदुशंका 4,अक्षर (नाबाद) 21, **अतिरिक्त** 5, **कुल** (20 ओवर में) 5 विकेट पर 228रन। **विकेट पतन:**1-3, 2-52, 3-163,4-174, 5-189। **गेंदबाजी:** मदुशंका 4-0-55-2, राजिता 4-1-35-1, थीक्षाना 4-0-48-0, करुणारत्ने 4-0-52-1, हसरंगा 4-0-36-1।

श्रीलंका: निसंका कै. मावी बो. अर्शदीप 15, मेंडिस कै. उमरान बो.अक्षर 23, फर्नांडो कै. अर्शदीप बो. हार्दिक 1, धनंजय कै. गिल बो. चहल 22, असलंका कै. मावी बो. चहल 19, शनाका कै. अक्षर पटेल बो. अर्शदीप 23, हसरंगा कै. हूडा बो. उमरान 9, करुणारत्ने पगबाधा हार्दिक 2, थीक्षाना बो. उमरान 2, राजिता (नाबाद) 9, मदुशंका बो. अर्शदीप 1,**अतिरिक्त** 13,कुल (16.4 ओवर में)137 रन। **विकेट पतन:** 1-44, 2-44,3-51, 4-84, 5-96, 6-107, 7-123, 8-127, 9-135, 10-137। **गेंदबाजी:** हार्दिक 4-0-30-2,अर्शदीप 2.4-0-20-3, मावी 1-0-6-0,अक्षर 3-0-19-1,उमरान 3-0-31-2, चहल 3-0-30-2।

चेतन शर्मा फिर बने टीम इंडिया के मुख्य चयनकर्ता

मुंबई (एजेंसी)।

50 दिन के इंतजार के बाद आखिरकार भारतीय क्रिकेट टीम की नई सेलेक्शन कमेटी का ऐलान हो गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने शनिवार को 5 सदस्यों वाली मेंस सीनियर सेलेक्शन कमेटी के नामों का ऐलान किया, जिसमें 4 सदस्य बिल्कुल नए हैं लेकिन सबसे खास नाम मुख्य चयनकर्ता का है, जिसमें एक बार फिर से चेतन शर्मा की वापसी हुई है।

चेतन शर्मा की अगुवाई वाली पिछली सेलेक्शन कमेटी के कार्यकाल में ही भारत को दो बार टी-20 वर्ल्ड कप में हार का सामना करना पड़ा था, जिसके बाद बीसीसीआई ने नई सेलेक्शन कमेटी बनाने का ऐलान किया था, अब फिर से बोर्ड ने चेतन शर्मा को ही चीफ सेलेक्टर बना दिया है। बीसीसीआई ने शनिवार को एक प्रेस रिलीज के जरिए नई सेलेक्शन कमेटी के ऐलान की जानकारी दी। नई सेलेक्शन कमेटी में सिर्फ चेतन शर्मा ही पुराने चेहरे हैं, जबकि बाकी चार नाम पहली बार सीनियर सेलेक्शन कमेटी का हिस्सा होंगे। इसमें पूर्व टेस्ट क्रिकेटर सलिल अंकोला, शिव सुंदर दास, सुब्रतो बनर्जी और श्रीधरन शरत को जगह मिली है।

यह समझा गया कि चेतन के नेतृत्व वाली पैनल को 2022 के अंत तक विस्तार दिया गया था और राष्ट्रीय टीम को चुनने के साथ-साथ साल के अंत तक रणजी ट्रॉफ़ी मैचों पर नज़र रखने का काम भी सौंपा गया था। फिर पिछले हफ़्ते, 2023 वनडे विश्व कप के रोडमैप पर चर्चा करन के लिए चेतन शर्मा बीसीसीआई की रिव्यू मीटिंग का हिस्सा बने, जिसमें मुख्य कोच राहुल द्रविड़, कप्तान रोहित शर्मा, एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण और बीसीआई के शीर्ष अधिकारी भी शामिल थे। शायद यह बड़ा संकेत था कि भले अन्य को हटाया जा रहा, लेकिन चेतन को रिप्लेस नहीं

चयन समिति

मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा,सदस्य सलिल अंकोला, शिव सुंदर दास, सुब्रतो बनर्जी और श्रीधरन शरत ।

किया जा रहा। चयन पैनल की अवधि आम तौर पर चार साल होती है, लेकिन उन्हें हर साल रिन्यू कराना पड़ता है। सीएसी को 1 जनवरी को आवेदकों का साक्षात्कार करने, उम्मीदवारों की एक छोटी सूची तैयार करने और बसीसीआई को अपनी सिफ़ारिशें भेजने के लिए रखा गया था,जिसके आधार पर इस पांच सदस्यीय पैनल को बनाया गया है। ऑस्ट्रेलिया में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में मिली हार के बाद बीसीसीआई ने पिछली सेलेक्शन कमेटी का कार्यकाल पूरा हुए बिना ही नई नियुक्तियों को ऐलान किया था। 18 नवंबर को हुए उस ऐलान के 50 दिन बाद आखिरकार बीसीसीआई ने नई कमेटी को नियुक्त किया। बीसीसीआई ने इस बारे में बताया कि अशोक मल्होत्रा, सुलक्षणा नाइक और जतिन परांजपे की क्रिकेट सलाहकार समिति ने 600 से %यादा आवेदनों में से 11 दावेदारों को शॉर्ट लिस्ट किया था, जिनके साथ इंटरव्यू किए गए और आखिरकार कमेटी ने इन 5 नामों की सिफारिश की।

ऑस्ट्रेलिया ने बनाई सिडनी टेस्ट पर पकड़ द.अफ्रीका पर मंडराया हार का खतरा

सिडनी (एजेंसी)।

ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी को चार विकेट पर 475 रन पर घोषित करने के बाद बारिश से प्रभावित चौथे दिन का खेल खत्म होने तक शनिवार को यहां दक्षिण अफ्रीका के छह विकेट चटका कर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ करने की ओर मजबूत कदम बढ़ाया।

कमिंस ने तेज गेंदबाजों के अनुकूल परिस्थितियों में शानदार गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए तीन विकेट झटके जबकि हेजलवुड को दो और नाथन लियोन को एक सफलता मिली। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहली पारी में अब भी ऑस्ट्रेलिया ये 327 रन पीछे है। इस मैच को जीतने के लिए ऑस्ट्रेलिया को रविवार को मैच के आखिरी दिन दक्षिण अफ्रीका के बाकी बचे चारो विकेट को जल्दी से झटक कर फॉलोऑन करना होगा। और फिर दूसरी पारी के सभी विकेट झटकने होंगे।

इस मैच में जीत से ऑस्ट्रेलिया विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर लेगा। शुक्रवार को बारिश के कारण खेल संभव नहीं हुआ। शनिवार की सुबह भी बारिश जारी रही जिससे लंच के पहले का सत्र धुल गया। कमिंस को इससे पारी घोषित करने के लिए मजबूर होना

पड़ा। उस्मान ख्वाजा के 195 रन पर नाबाद थे लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने जीत दर्ज करने के लिए पांच सत्र में 20 विकेट चटकाने की चुनौती स्वीकार की। पारी के नौवें ओवर में ही हेजलवुड की गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने कप्तान डीन एल्गर (13) का शानदार कैच लपक कर ऑस्ट्रेलिया को शानदार शुरुआत दिलायी। इसके बाद लियोन ने सारेल एरवी और कमिंस ने हेनरिच क्लासेन को चलता किया जिससे दक्षिण अफ्रीका का स्कोर तीन विकेट पर 37 रन हो गया। तेम्बा बावुमा और खाया जोड़ो ने चौथे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की लेकिन हेजलवुड ने बावुमा को आउट कर दक्षिण अफ्रीका को चौथा झटका दिया।

जोंडो काइल वेरेन के साथ 45 रन की साझेदारी करने के बाद कमिंस की यॉर्कर पर पगबाधा हुए। उन्होंने 39 रन बनाये। कमिंस ने इसके बाद वेरेन की 19 रन की पारी का अंत कर टीम की जीत की उम्मीदें बढ़ा दी। स्टंप्स के समय मार्को यानसेन 10 और सिमोन हार्मर छह रन बनाकर खेल रहे थे।

वेटलिफ्टर संजीता चानू डोप टेस्ट में फेल नाडा ने किया निलंबित

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के लिए कई मौकों पर शानदार प्रदर्शन और दो बार कॉमनवेल्थ खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वाली स्टार वेटलिफ्टर संजीता चानू डोप टेस्ट में फेल हो गईं। दो बार के राष्ट्रमंडल गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता भारोत्तोलक के संजीता चानू डोप परीक्षण में विफल रही हैं और अब उन्हें राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है। संजीता का सैंपल 30 सितंबर को लिया गया था, जिस दिन उन्होंने कुल 187 किलो वजन उठाकर दूसरा स्थान हासिल किया था। ट्रिब्यून की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके ए और बी दोनों नमूनों में ड्रोस्तानोलोन, एक एनाबॉलिक स्टेरॉयड की मौजूदगी देखी गई, जो विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) की प्रतिबंधित सूची में है।

महेन्द्र की तूफानी पारी, पीपुल्स की 9 विकेट से जीत

भोपाल(खेप्र)। डिजियाना और पीपुल्स समाचार ने शनिवार को 28वें आईएस-डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट में अपने-अपने मुकाबले जीते। ओल्ड कैंपियन मैदान पर पहले मैच में दैनिक जागरण ने बल्लेबाजी करते हुए सभी विकेट गंवाकर 117 रन बनाए। नरेश मीणा ने सर्वाधिक 35 रन का योगदान दिया, जबकि सुरेंद्र मिश्रा ने 18, अर्पण खरे ने 16 रन की पारी खेली। पीपुल्स के लिए प्रकाश ने तीन विकेट लिए। विवेक, फराज और असगर को दो-दो सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पीपुल्स की टीम ने 15.3 ओवर में एक विकेट खोकर जरूरी रन बना लिए। महेंद्र ने 29 गेंद पर नाबाद 47 रन की पारी खेली। मनीष दीक्षित ने 34 और नितिन ने नाबाद 22 रन बनाए। जारगण को एकमात्र सफलता दिनेश शाक्य ने दिलाई। दिन के दूसरे मैच में डिजियाना ने निर्धारित 18 ओवर में 7 विकेट खोकर 196 रन को विशाल स्कोर खड़ा किया। विनायक सोनी ने 40 गेंद पर नाबाद 91 रन की पारी खेली। गौतम ने 41 और अजय ने 20 रन का योगदान दिया। एमपी-03 के सलमान ने तीन, अश्विनी तिवारी और अनिल ने दो-दो विकेट झटके। जवाब में एमपी-03 की टीम 13.2 ओवर में 114 रन बना पाई। रोहित ठाकुर ने सर्वाधिक 36 रन बनाए। एमपी-03 के गौतम ने पांच विकेट झटके। मानसरोवर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार महेन्द्र को भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेंद्र पाराशर और बीडीसीए के अध्यक्ष ध्रुवनारायण सिंह ने प्रदान किया।

सानिया मिर्जा अगले महीने टेनिस को कहेंगी अलविदा, दुबई में खेलेंगी अंतिम मैच

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने अगले महीने दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में अपने शानदार करियर को अलविदा कहने का फैसला किया है। युगल रैंकिंग में शीर्ष पर रही सानिया ने डब्ल्यूटीए (महिला टेनिस संघ) से इसकी घोषणा की। सानिया ने पिछले सत्र के आखिर में अपने खेल को अलविदा कहने का मन बनाया था लेकिन कोहनी की चोट के कारण वह अगस्त 2022 में अमेरिकी ओपन से बाहर हो गई और पूरे सत्र खेल से दूर रही। पाकिस्तान के क्रिकेटर शोएब मलिक से शादी करने वाली 36 वर्षीय सानिया एक दशक से अधिक समय से दुबई में रह रही हैं और वह अपने 'घरेलू मैदान' पर खेल को अलविदा कहना चाहेंगी। सानिया ने कहा कि मैं डब्ल्यूटीए फाइनल्स (बीते सत्र में) के बाद खेल को अलविदा कहने वाली थी, क्योंकि डब्ल्यूटीए फाइनल्स के युगल वर्ग में हमारी जगह पक्की थी। अमेरिकी ओपन से ठीक पहले मेरी कोहनी में चोट लग गई थी, इसलिए मुझे इसके बाद के हर टूर्नामेंट से हटना पड़ा। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से कहूं तो मैं अपनी शर्तों पर जीना



पसंद करती हूं। इसलिए मैं चोट के कारण बाहर नहीं होना चाहती थी। मैंने वापसी के लिए अभ्यास जारी रखा था।' सानिया ने महिला युगल और मिश्रित युगल में तीन-तीन ग्रैंड स्लैम जीता है। उन्होंने कजाकिस्तान की अन्ना डेनिलिना के साथ इस महीने के ऑस्ट्रेलियन ओपन में प्रतिस्पर्धा करने के लिए हामी भरी है। वह पिंडली में चोट की समस्या से जूझ रही है लेकिन उन्हें उम्मीद है कि चोट उसकी विदाई की योजनाओं में बाधा नहीं बनेगा। उन्होंने कहा कि उनकी कोशिश दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप के दौरान दुबई में खेल को अलविदा कहने की है।' दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप, एक डब्ल्यूटीए 1000 स्तर का टूर्नामेंट है।

CHANGE OF NAME

MY OLD NAME WAS SAPNA AGRAWAL W/O MANISH KUMAR AGRAWAL, R/O- FLAT NO. 402, D-BLOCK, CORAL KASA, NEAR PEOPLES MALL, BHANPUR, BHOPAL (M.P.) NOW I HAVE CHANGED MY NAME. MY NEW NAME IS NOW KNOWN AND CALLED AS SAPNA GUPTA. 368

कार्यालय जनपद, पंचायत औबेदुल्लागंज जिला रायसेन

(07480-224142 Email address-jpoberai-mp@nic.in)

क्रमांक/31/जन.पचा/2023 औगंज, दिनांक 7/01/2023

विज्ञप्ति

दिनांक 14.01.2023 को मकर संक्रांति के पर्व के उपलक्ष्य में भोजपुर स्थित प्राचीन शिव मंदिर पर तीन दिवसीय मेले (दिनांक 14.01.2023 से 16.1.2023) का आयोजन किया जा रहा है। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) गौहरगंज की अध्यक्षता में आयोजित मेले हेतु बैठक दिनांक 07.01.2023 में लिये गये निर्णय अनुसार भोजपुर मेला प्रांगण में दुकानों का आवंटन, वाहन पार्किग स्थल क्रमांक-01, (भोजपुर कीरतनगर मार्ग पर) वाहन पार्किग स्थल क्रमांक-02 (भोजपुर नीमखेड़ा मार्ग पर) तथा इसके साथ ही मेला स्थल पर दुकानें एवं झूले इत्यादि के स्थापना हेतु भू-खण्डों की नीलामी (खुली बोली) प्रक्रिया तीनों स्थल की पृथक-पृथक की जावेगी। इच्छुक बोलीकर्ता दिनांक 10.01.2023 को समय दोपहर पूर्व 12.00 बजे तक अमानत राशि जमा कर जनपद पंचायत कार्यालय में बोली फार्म जमा कर सकते हैं इसके पश्चात नीलामी की कार्यवाही की जावेगी। नीलामी के संबंध में नियम/निर्देश/शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज से प्राप्त की जा सकती है। किसी भी विवाद की स्थिति में जनपद पंचायत द्वारा गठित नीलामी समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत औबेदुल्लागंज

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार कमलेन्द्र जाटव आत्मज श्री करनसिंह जाटव आयु वयस्क निवासी वार्ड नं.11 लक्ष्मीनारायण नगर बैरसिया जिला भोपाल (म.प्र.) एवं श्री सचिन जाटव आत्मज श्री सुरेन्द्र कुमार जाटव आयु वयस्क निवासी वार्ड नं. 13 सिलावटपुरा बैरसिया तहसील बैरसिया जिला भोपाल ने श्री मोहनलाल विश्वकर्मा आत्मज श्री बाबूलाल विश्वकर्मा आयु वयस्क निवासी मकान न. 113 सूबेदार कालोनी टीलाजमालपुरा तहसील हुजूर जिला भोपाल से उनके स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि खसरा क्रमांक 100/1/2 रकबा 1.214 हेक्टेयर लगानी 5.07 रु. स्थित ग्राम इमलिया स्वरूप प.ह.न. 53 तहसील बैरसिया जिला भोपाल को क्रय करने हेतु अनुबंध पत्र सम्पादित कराया है एवं व्याना राशि प्रदान कर दी गई है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो वह 15 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त भूमि का पंजीयन विक्रय पत्र सम्पादित करा लिया जावेगा।

रामसहाय रजक, अधिवक्ता
वार्ड न. 12 मेलाग्राउंड बैरसिया जिला-भोपाल म.प्र.
मो.नं. 9630831331

AG

कार्यालय संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, गोमतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल

आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी,टीलाजमालपुरा, भोपाल (म.प्र.) में स्थित शेड क्रमांक -33 मंडल द्वारा श्री गिरधारी लाल तुलसानी आत्मज श्री टोलूमल तुलवानी के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 30.04.1994 को पंजीकृत है। श्री गिरधारी लाल तुलसानी आत्मज श्री टोलूमल तुलवानी द्वारा उक्मत सम्पत्ति श्रीमती जानकी बाई पत्नी श्री नंद किशोर शर्मा को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 03.09.1997 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है, लेकिन उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण नहीं हो पाया एवं इसी बीच श्रीमती जानकी बाई का स्वर्गवास दिनांक 08.08.2009 को एवं श्री नंद किशोर शर्मा का स्वर्गवास दिनांक 27.12.2019 को हो गया। श्री नंदकिशोर शर्मा द्वारा उक्त सम्पत्ति वसीयतनामा मोहम्मद सिराज अंसारी आत्मज श्री मोहम्मद हबीब अंसारी के पक्ष में दिनांक 09.11.2018 को निष्पादित किया गया। तत्पश्चात मोहम्मद सिराज अंसारी आत्मज श्री मोहम्मद हबीब अंसारी द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती नफीसा बी पत्नी श्री मोहम्मद नसीम को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 31/03/2022 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, अन्य वारिसों का सहमति शपथ पत्र विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुए उक्त सम्पत्ति श्री गिरधारी लाल तुलसानी से श्रीमती जानकीबाई के पक्ष हस्तारण एवं स्व. श्रीमती जानकी बाई से श्री नंदकिशोर शर्मा के पक्ष व मोहम्मद सिराज अंसारी के पक्ष में नामांतरण एवं मोहम्मद सिरोज अंसारी से श्रीमती नफीसा बी पत्नी श्री मोहम्मद नसीम के नाम से हस्तांतरित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण व नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। यदि उक्त सम्पत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी/ संस्था/ वित्तीय संस्था इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मंडल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

सम्पदा अधिकारी
म. प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र-1, भोपाल

367

In the Court of VII Additional Motor Accident Claims Tribunal, District Court Bhopal
Presiding Officer: **डॉ. धर्मेन्द्र कुमार टाडा**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(MACC/0000134/2020)
सुशीला सेन..... वादी V/S
फैसल खान ..... प्रतिवादी
Process Id- /2022
पेशी दिनांक : 09/02/2023

प्रेषिती: (1) फैसल हसन पिता आफताब हसन पता- म.नं. 25 लाला लाजपतराय कालोनी बागदिलकुशा भोपाल मध्यप्रदेश पिन कोड- 462023

यह कि प्रार्थी सुशीला सेन ने आपके विरुद्ध आवेदन अंतर्गत धारा 166 मोटरयान अधिनियम 1988 के लिए वाद संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं। जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों को उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें। जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 24 दिसम्बर 2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें:** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

डॉ. धर्मेन्द्र कुमार टाडा
सप्तम जिला न्यायाधीश
जिला भोपाल (म.प्र.)

366

पश्चिम मध्य रेल्वे

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. इलेक्ट्रीकल/सीआरएनएल/सीएलएस/ईएम/टी/2022/11 दिनांक: 02.01.2023

भारत के राष्ट्रपति के लिए उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ओ.ई.एम या आर.डी.एस.ओ द्वारा आर.एम.पी.यू निर्माता के अनुमोदित स्रोत या न्यूनतम पात्रता मानदंड पूरी करने वाले एवं विद्युत लाइसेन्स धारी प्रतिष्ठित अनुभवी ठेकेदारों से निर्धारित प्रपत्र पर ई निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** वर्ष 2023-24 में सी.आर.डब्ल्यू.एस./ पोधाल के लिए आई.सी.एफ वातानुकूलित (एसी) कोचों (गरीब रथ एसी कोच एवं पावर कार गिला कर) के आर.एम.पी.यू एवं उनके कंट्रोल पैनल की ओवरहॉलिंग/मरम्मत का कार्य (मात्रा. 180 कोचेस, 360 यूनिट आर.एम.पी.यू.)। **कार्य की लागत रु.:** 3,17,34,989.73, **निविदा फार्म का मूल्य रु.:** 0.00, **धरोहर राशि रु.:** 3,08,700.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** तेरह माह, **निविदा जमा करने की तिथि:** 03.02.2023, 15:00 बजे तक, **निविदा खुलने की तिथि:** 03.02.2023, 15:00 बजे के उपरांत। निविदा फार्म व निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेबसाईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक विद्युत शाखा के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

कृते मुख्य कारखाना प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल्वे, भोपाल

कोरोना को हराना है, तो टीका लगवाना है

REGISTRATION OF VENDORS FOR PROCUREMENT OF PHARMACEUTICAL ITEMS LAB CHEMICALS, HEARING AID, MEDICAL GASES FOR MILITARY HOSPITAL BHOPAL FROM DGLP & ECHS FUNDS (FY 2023-24)

1 Applications are invited by Military Hospital Bhopal for registration of venders for supply of Medicines, Surgical Consumables, Lab chemicals reagents, X Ray films, Hearing Aids, Surgical Suture, Appliances, ART Drugs, Disposables & Media (Assisted Reproductive Technology) and medical gases for the financial year 2023-2024 along with certified copies of following documents:-

(a) Govt registration of shop with address. (b) GST/TIN, PAN and valid shop license. (c) Income Tax Return for last 3 years (Proprietor/Firm). (d) Security clearance from local Police Station (Police Verification). (e) Valid drug License and Narcotic licence, if any. (f) Latest Photo of Shop with (Name) Board. (g) Authorized Dealership certificate of reputed firms. (h) Certificate from Bank stating functional account no of firm held (copy of cancelled cheque to be enclosed). (j) Sample of letter head (k) Digital Signature Certificate must be procured by the vendors along with CPP portal user id for e procurement. (l) GMP certificate of companies whose dealership certificates are attached . (m) Performance certificate for last 3 yrs duly supported by copy of supply orders preferably of Govt/Military hospitals or other reputed hospitals. (n)